एक नजर में

60 दंपत्तियों ने किया पौधरोपण

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान बनाने के उद्देश्य से जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने पर्यावरण महोत्सव मनाया। इसके तहत आयोजित मिलन समारोह में 60 से अधिक दंपत्ति सदस्यों ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण व स्वास्थ्य पर आधारित गोला फेंक, हरियाली हाउजी और पर्यावरण प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने प्रकृति की रक्षा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सचिव आशीष नांदेचा ने कचरा पृथक्करण और पुनर्चक्रण को पारिवारिक स्तर पर अपनाने की बात कही। शैलेन्द्र बापना ने प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम कर कपड़े व पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की। पूर्व अध्यक्ष विजय बम्बोरी ने वायु प्रदूषण और ईंधन की खपत कम करने के लिए सदस्यों से सप्ताह में एक दिन निजी वाहन का उपयोग न करने का आग्रह किया। पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मारू और कमलेश जैन ने कार्बन उत्सर्जन रोकने और पर्यावरण संतुलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। अंत में सभी सदस्यों ने जल संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

उज्जैन। अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की पहली कार्यकारिणी बैठक महानंदा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए समाजजनों ने उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में समाज का एक विशेष कैंप लगाने का संकल्प लिया। बैठक में महासभा के अध्यक्ष राजेश बड़ोले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। इस अवसर पर इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महासभा के महामंत्री मुकेश शर्मा, पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष जेपी शर्मा और महासभा के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष सुभाष महोदय प्रमुख रूप से शामिल हुए। अध्यक्ष राजेश बडोले ने देशभर से आए विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों और अध्यक्षों को संबोधित करते हुए समाज के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में युवा महासभा और महिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ ही समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

लायंस क्लब में नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसमें गौतम साहा को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया। समारोह के दौरान निशिकांत पंड्या ने सचिव, आलोक दुबे ने कोषाध्यक्ष, डॉ. गौरव शर्मा ने प्रथम उपाध्यक्ष और डॉ. सुयश कोठारी ने द्वितीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश कुशवाह उपस्थित थे। अध्यक्षता शैलेष सोनी ने की। इस अवसर पर मंच पर वीरेंद्र मालपानी, डॉ. राहुल पंड्या और डॉ. गौतम शर्मा उपस्थित रहे। संचालन डॉ. प्रिंस कुशवाह व डॉ. संजीव जैन ने किया और आभार अली हुसैन ने माना।

बाल कलाकारों ने मोहा दर्शकों का मन

उज्जैन। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा इंद्रधनुष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में बाल कलाकारों ने कथक नृत्य की विभिन्न विधाओं की सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। कथक नृत्य में निबद्ध इस समूह प्रस्तुति में नक्षत्रा निगम, देवेशी चौहान, स्तुति खत्री, रीषिता सोनी, जाह्नवी चांडक और माही यादव ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात एकल नृत्य के अंतर्गत कावेरी कश्यप ने तीन ताल में थाट, आमद और चलन का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया। रिद्धि सोनी ने धमार ताल में तिहाई, तोड़े-टुकड़े और कवित्त प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। मुख्य अतिथि के डॉ. शिव चौरसिया मौजूद थे। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। नृत्य निर्देशन डॉ. पल्लवी किशन ने किया। कुमार किशन ने आभार माना।

सुनो-सुनो महापौर माइक हाथ में लेकर अतिक्रमण हटाने की कर रहे मुनादी

शासकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाया, सरे बाजार व्यापारियों को दी चेतावनी, चुनावी मोड में आए मेयर

उज्जैन। अभी भले ही नगर निगम चुनाव और लोकसभा चुनाव में देरी है। बावजूद इसके महापौर मुकेश टटवाल ने दोनों चुनाव लड़ने की अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उनका मानना है कि जिस काम के लिए मुझे जनता ने चुना है वह काम में 24 घंटे करने के लिए तत्पर रहूंगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों से लगाकर स्थानीय रहवासियों को सुलभता उपलब्ध कराना मेरी जिम्मेदारी है। काम कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता, अतिक्रमण भी हटाया जा रहा है, विकास भी किया जा रहे हैं और दुकानदारों को बाहर सामान ना रखने के लिए भी चेताया जा रहा है।

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को हटाया। वहीं महापौर मुकेश टटवाल स्वयं नगर निगम के रिमूवल वाहन से माइक लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचे और दुकानदारों से दुकानों के बाहर रखा सामान हटाने की अपील की।

महापौर ने कंठाल चौराहा, नई सड़क, एटलस चौराहा, फव्वारा चौक और इंदौर गेट क्षेत्र में मुनादी करते हुए व्यापारियों से अपनी दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यापार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर में मार्ग चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। जिससे अन्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में सड़क पर रखा व्यापारिक सामान आमजन और वाहनों की आवाजाही में बाधा बन रहा है।

सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

वार्ड क्रमांक-05 इंदिरा नगर एक्सटेंशन में बगीचे के पास शासकीय भूमि पर अशोक पिता प्रभुलाल मालवीय द्वारा बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माण को नगर निगम ने जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया। संबंधित को पूर्व में नोटिस जारी कर अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन जवाब नहीं मिलने पर भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता, अतिक्रमण गैंग तथा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया सहित नगर निगम का अतिक्रमण रिमूवल अमला उपस्थित रहा।

समान नहीं हटाया तो जब्त करेंगे

महापौर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दुकानों के बाहर रखा सामान नहीं हटाया गया तो नगर निगम जब्ती की कार्रवाई करेगा और जब्त किया गया सामान वापस नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शहरवासी सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के लिए मार्ग चौड़ीकरण में सहयोग कर रहे हैं, उसी प्रकार व्यापारियों की भी जिम्मेदारी है कि वे नियमों का पालन करते हुए अपनी दुकान की सीमा के भीतर ही व्यापार करें, ताकि शहर व्यवस्थित, सुंदर और यातायात सुचारु बना रहे।

पुलिसकर्मी बनकर वृद्धा और बैंक मैनेजर से आभूषण ठगने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। सालभर पहले पुलिसकर्मी बनकर सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर और संत्सग में जा रही वृद्धा को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले बदमाश को पुलिस मुम्बई जेल से लेकर आई है। उसके साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को सुबह के समय रोक लिया था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर कहा था कि आगे चेन स्नेचिंग हो गई है। अपने आभूषण उतारकर रख लो। गुप्ता उनकी बातों में आ गये थे और गले में पहनी सोने की चेन, पेंडल, हाथों में पहनी तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार दिया। दोनों ने उनके आभूषणों को कागज की पुडिया बांधकर वापस दिया था। लेकिन कुछ देर बाद पुड़िया में आभूषण नहीं मिले थे। एक घंटे बाद बदमाशों ने नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के काला पत्थर स्थित बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष को आगे लूट होना और खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनके सोने के कंगन और चेन उतारकर पर्स में रखने की बात कहीं थी और गायब कर दी थी। आशा अडवानी सत्संग में जाने के लिये कालापत्थर पर परिवहन वाहन का इंतजार कर रही थी।

नानाखेड़ा पुलिस ने किया था प्रकरण दर्ज

नानाखेड़ा पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया था और आशंका जताई गई थी वारदात को ईरानी गैंग के बदमाशों ने अंजाम दिया है। सालभर बाद खबर सामने आई कि मुम्बई पुलिस ने लूट के मामले में ईरानी बदमाश हुसैनी पिता सैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी इरंग नगर खड़कपाडा मुंबई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में उज्जैन में पुलिसकर्मी बनकर की गई ठगी का खुलासा हुआ है। नानाखेड़ा थाना पुलिस की टीम मुम्बई पहुंची और बदमाश को प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाया गया। जिसे रिमांड पर लिया गया है। बदमाश के साथियों की जानकारी जुटाने के साथ ठगे गये आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

एक दिवसीय पंच तीर्थ यात्रा का आयोजन

उज्जैन। जैन यूनिटी फोरम द्वारा संस्थापक मनोज सुराणा के नेतृत्व में एक दिवसीय पंच तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने मोहनखेड़ा, अमीझरा पार्श्वनाथ, बिड़वाल चिंतामणि पार्श्वनाथ, भोपावर शांतिनाथ, शीतलनाथ, कांच मंदिर, अभ्युदुम पार्श्वनाथ और कोटेश्वर महादेव की यात्रा की। यात्रा का संयोजक नवीन कोठारी और राजेश सोनी को बनाया गया था। यात्रा के दौरान अमीझरा पार्श्वनाथ में पेढ़ी द्वारा जैन यूनिटी फोरम और अरिहंत मुस्कान के सभी पदाधिकारियों का बहुमान किया गया। यहां सभी ने सेवा, दर्शन, पूजन और भक्ति की। अनिल तारा जैन ने आरती और नितेश जया नाहटा ने मंगल दीपक की बोली का लाभ लिया। इसके साथ ही मनोज अंजू सुराणा, ललित मनीषा कोठारी, प्रमोद पटवा, वीरेंद्र जुली गोलेछा, नवीन शीतल कोठारी, महेश मधु घूघरिया, संतोष तारा सालेचा, संजय नीलू गिरिया, राजेश अनीता सोनी, लोकेश इंद्रा जैन और रमेश पुखराज चोपड़ा ने भी मंदिर में दर्शन-पूजन कर विभिन्न लाभ लिए। सभी यात्रियों ने कोटेश्वर महादेव पहुंचकर शिव जयकारों के बीच भगवान का जलाभिषेक किया। जानकारी ग्रप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।

दो स्थाना से कुछ घंटे में चोरी हुई दो कार

उज्जैन। शहर में लगता है कि चोरों के निशाने पर अब दुकानों के साथ कार भी आ गई है। पहले फ्रीगंज स्थित दो दुकानों से बदमाशों ने करोड़ों के मोबाइल चोरी की वारदात के बाद बदमाशों ने शनिवार-रविवार नीलगंगा और नानाखेड़ा थाना क्षेत्र से लाखों रूपये कीमत की 2 क्रेटा कार चोरी कर ली। चुराई कारे इंदौर की ओर जाती दिखाई दी है। पुलिस कैमरों की मदद से बदमाशों का पता लगाने के प्रयास में लगी है। बताया जा रहा है कि रात में कार चोरी करने वाले बदमाशों ने सबसे पहले नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में रहने वाले पटवारी त्रिलोकचंद यहां दस्तक दी। उनके घर के बाहर खड़ी क्रेटा कार को चंद मिनट में चोरी करने के बाद बदमाश नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर पहुंचे। जहां जयश्री होटल में ठहरे आशीष कुमार सोनी की क्रेटा कार को चोरी कर लिया। सोनी परिवार धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। रविवार सुबह 2 थाना क्षेत्र से एक की कंपनी की 2 कारे चोरी होने पर दोनों थाना पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये निकल पड़ी। कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये गये। इस दौरान सामने आया कि बसंत बिहार से चुराई कार से बदमाश सुभाषनगर तक पहुंचे थे, उसके बाद 2 बदमाशों ने दूसरी कार चोरी की ओर इंदौररोड की ओर निकल गये। पुलिस इंदौर जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी है। विदित हो कि एक दिन पहले शुक्रवार-शनिवार रात को माधवनगर थाना क्षेत्र में कार से आये बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों का शटर उचकाने के बाद करोड़ों के मोबाइल चोरी कर लिये थे।

प्लेटफार्म नंबर1 पर ट्रेन के सामने कूदा युवक, अस्पताल में मौत

- युवक का नाम अजय पिता कैलाश 19 वर्ष निवासी ग्राम कावड़ियाय है

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के सामने एक युवक कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया था उसे चरक अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने बताया कि आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म नंबर एक पर चलती ट्रेन की चपेट में आए घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया था जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम किया गया। युवक का नाम अजय पिता कैलाश 19 वर्ष निवासी ग्राम कावड़ियाय जिला खंडवा सामने आया है उसके परिजनों को सूचना देने के प्रयास किए गए हैं आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा दी गई थी। युवक की मौत का घटनाक्रम जांच में है उसके बाद ही स्पष्ट होगा कि उसने आत्महत्या की है या फिर वह ट्रेन से गिरा था।

पुलिस विभाग के मुखिया की माता का निधन

उज्जैन। प्रदेश पुलिस विभाग के मुखिया (डीजीपी) की माता का सोमवार सुबह निधन हो गया। खबर मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारी राजस्व कॉलोनी पहुंच गए। दोपहर 12 बजे अंतिम यात्रा शुरू हुई चक्रतीर्थ पर अंतिम विदाई दी गई। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग के डीजीपी कैलाश मकवाना मूल रूप से उज्जैन के निवासी हैं। उनकी 86 वर्षीय माता गंगादेवी मकवाना माधव नगर थाना क्षेत्र के राजस्व कॉलोनी में निवास करती थी। पिछले काफी दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। इंदौर अस्पताल में उपचार भी चल रहा था। इसी बीच सुबह खबर सामने आई कि डीजीपी की माता का निधन हो गया है। पुलिस विभाग में जैसे ही खबर पहुंची, संभागआयुक्त आशीष सिंह से लेकर, आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित तमाम अधिकारी राजस्व कॉलोनी पहुंच गए थे। दोपहर में उनकी अंतिम यात्रा निकल गई। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के सभी थाना प्रभारी शामिल हुए।

ढाबलाहर्दू में जहर खाने वाले ग्रामीण की मौत

माकड़ोन के ढाबला हर्दू में रहने वाले ग्रामीण आत्माराम पिता ओंकारलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां रात में उसकी मौत हो गई। माधव नगर थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है परिजनों ने बताया कि आत्माराम दो बच्चों का पिता था उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है। आशंका है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने मौत को गले लगाया है

इंद्रा त्रिवेदी उज्जैन विंग की अध्यक्ष, कार्यकारिणी ने ली शपथ

उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन विंग की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का अधिष्ठापन और शपथ ग्रहण समारोह हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंद्रा त्रिवेदी, सचिव प्रीति शर्मा और कोषाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने अपने पद की शपथ ली। मुख्य अतिथि भगवानदास एरन ने सभी पदाधिकारियों को सेवा, समर्पण और निष्ठा के साथ दायित्व निभाने की शपथ दिलाई।

अध्यक्षता क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन वीरबाला कासलीवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एमजेएफ लायन डॉ. अजय गुप्ता, आरसी लायन दिनेश राठौर और लायंस ऑफ उज्जैन लायन डॉ. गौतम शर्मा मौजूद रहे। शुरुआत लायन अनिता गुप्ता की ध्वज वंदना के साथ हुई। शपथ अधिकारी का परिचय लायन रेखा गुप्ता ने दिया तथा संचालन एमजेएफ लायन अनिता गौड़ ने किया। समारोह में लायन प्रेमलता सिरोलिया, लायन संध्या एरन, लायन राधा चौहान, लायन कांता बाठिया, लायन तरुणा जोशी, लायन निशा त्रिपाठी, लायन आभा बेठिकाना, ज्योति दीक्षित, लायन शीला व्यास और लायन विजय लक्ष्मी गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

सेवा कार्यों को चलाने का लिया संकल्प

संबोधन के दौरान अतिथियों ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन इंद्रा त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी सत्र में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब की ओर से दो विशेष गतिविधियां भी की गईं।

चोरी करने वाले अवैध शराब के साथ पकड़ाए

उज्जैन। कच्ची जहरीली अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उनसे लाखों की भैंस चोरी का खुलासा हो गया। पुलिस ने ढाई लाख कीमत के दो भैंस बरामद की है। बदमाशों के पास से 70 लीटर शराब जप्त होना सामने आया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि रविवार रात लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी-13-झेड एफ-9387 में अवैध जहरीली शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर थाना क्षेत्र में घेराबंदी की गई और लोडिंग वाहन को पकड़ा गया। उसमें से 70 लीटर कच्ची जहरीली शराब से भारी केन बरामद हो गई। लोडिंग में सवार दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उनके नाम राहुल पिता नागूलाल मालवीय जाति बलाई 26 वर्ष और ऊंकार पिता वजेसिंह चन्द्रावत जाति राजपूत 32 वर्ष निवासी बपैया थाना महिदपुर रोड सामने आए। दोनों से अन्य मामलों की जानकारी जुटा गई तो उन्होंने 24 जून को ग्राम कमठाना से दो मुर्रा भैंस चोरी करना भी स्वीकार कर लिया। भैंस चोरी की शिकायत प्रकाश पिता अमृतलाल पाटीदार निवासी ग्राम कमठाना द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि दोनों बदमाशों की निशान देही पर ढाई लाख रुपए कीमत की दोनों भैंस बरामद की गई है। दोनों को न्यायालय में पेश किया था जहां से जेल भेजा गया है।

एक नजर में ▶ पहले माइक बंद कराए अब तखत हटाने को कहा, पंडे-पुजारियों का विरोध

शिप्रा आरती के सामान पर प्रशासन की आपत्ति, पंडों को दिए नोटिस

उज्जैन। पुलिस प्रशासन व नगर निगम आए दिन शिप्रा में उपयोग किए जाने वाले सामान को लेकर आपत्ति ले रहा है। इससे घाट के पंडे-पुजारियों में नाराजगी है। पहले बिछात व्यवस्था और माइक पर रोक लगाई गई थी। अब तखत हटाने को लेकर नोटिस जारी किए गए है।

इसके विरोध में घाट पर आरती करने वाले पंडे-पुजारियों ने श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए नारेबाजी की। पंडों का कहना है कि पुलिस व नगर निगम प्रशासन मिलकर प्रदेश की मोहन यादव सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र कर यह कार्रवाई कर रही है। पंडों ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि आरती के दौरान माइक पर धर्म की जय ही तो बोल रहे थे। तखत हटा देंगे तो पुजारी आरती कहां से करेंगे। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि प्रशासन की हटधर्मिता के खिलाफ बैठक कर आगे की रणनीति बनाएंगे।

कलेक्टर एसपी ने राशि अनुसार रोपे पौधे

उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। यहा खास बात यह रही कि कार्यक्रम में उपस्थित हुए उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा सहित सभी अतिथियों ने अपनी राशि के अनुसार पौधों का रोपण किया। ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज, समाजसेवी अभय यादव भी उपस्थित रहे। सभी ने मां बगलामुखी व दस महाविद्या देवियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

स्टेट शॉटगन शूटिंग में उज्जैन के निशानेबाजों का दबदबा रहा

- मानवीर ने जीता स्वर्ण, अभिषेक व
- दिव्य रतन को रजत, खिलाड़ियों का

उज्जैन। भोपाल में आयोजित 16वीं मध्य प्रदेश स्टेट शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने लगातार छठे साल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना दबदबा कायम रखा है। प्रतियोगिता के डबल ट्रैप में मानवीर सिंह बेस ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं सिंगल ट्रैप में उन्होंने लगातार छठी बार प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। स्पर्धा की सिंगल ट्रैप पुरुष श्रेणी में अभिषेक राठौर ने रजत पदक जीता। युवा निशानेबाज दिव्य रतन लालगढ़ ने ट्रैप स्पर्धा के जूनियर और यूथ दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किए। चयनित सभी खिलाड़ी अब प्री-नेशनल में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कलेक्टर रोशन सिंह का माना आभार

खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर संस्था के कोच अक्षय सिंह, कार्तिक तोमर, पूर्व पार्षद सुनील बोरासी, श्याम बोरासी और हनुमंत सिंह लालगढ़ ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए जिला कलेक्टर रोशन सिंह का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है।